NIOS/Acad./2020/321/19/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम: गृह विज्ञान
पाठ 19: अभिवृद्धि और विकास (6-11 वर्ष)
कार्यपत्रक-19

1. आपकी कक्षा की कई छात्राएं जो 9-10 वर्ष की उम्र तक छात्रों से लंबाई में छोटी थी, अचानक उन से लंबी हो गईं। इसकी क्या वजह है?

2. जब आप पैदा हुए थे तब आपके कितने दाँत थे? पता लगाएँ कि 3 साल के बच्चे के कितने दाँत होने चाहिए।

3. आपका 8 साल का भाई बहुत फुर्तीला है। इसका कारण पता लगाएँ।

4. आप टेबल पर पड़ी एक पेंसिल को कैसे उठाएंगे? पता लगाएँ कि 1 साल का व 3 साल का बच्चा इस पेंसिल को कैसे उठाएगा?

5. आपने पहली कक्षा की पढ़ाई किस उम्र में शुरु की थी? पता लगाएँ कि आपके माता-पिता ने उस उम्र से पहले आपकी औपचारिक शिक्षा प्रारंभ क्यों नहीं की थी?

6. क्या आप मानते हैं कि 6 से 11 वर्ष के बच्चे बहुत सारी गतिविधियाँ सीख लेते हैं? इसका कारण पता लगाएँ।

7. उस उम्र का पता लगाएँ जिसमें बच्चा यह जान जाता है कि एक ही उच्चारण वाले भिन्न शब्दों को लिखने का तरीका और उनके अर्थ भी भिन्न हो सकते हैं ।

8. किन दो तरीकों से सहोदर संगी साथी मध्य बाल्यावस्था में एक बच्चे के लिए सहायक सिद्ध होते हैं?

9. आपकी कक्षा 5 की अध्यापिका के प्रोत्साहन ने किन दो तरीकों से आपके सामाजिक व संवेगात्मक विकास में मदद की।

10. क्या 11 साल की उम्र से अभी तक आपके संज्ञानात्मक विकास में कुछ अंतर आया है? इसके दो उदाहरण दें।